कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ0ग0)

क्रमांक / मण्डी / स्था. / 2023–24 / 902 / कवर्धा, दिनांक– 28 / 08 / 2023

कृषि उपज मंडी समिति, कवर्धा जिला–कबीरधाम (छ.ग.) के लिए डाटा एंट्री आपरेटर पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से कार्यालयीन समय में दिनांक 15 / 09 / 2023 तक स्वीकार किये जायेंगे. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।

पद का नाम	कुल रिक्तियां	रिक्त पद का वर्गवार विवरण				वेतनमान
		अनारक्षित मुक्त	अ. जा.	अ. ज. जा.	अ.पि.वर्ग	
डाटा एंट्री आपरेटर	01	01	–	–	–	वेतन लेबल (6) वेतन मेट्रिक्स 25300–80500 शासन द्वारा स्वीकृत दर से मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते

01.भर्ती हेतु पात्रता:–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से कक्षा– बारहवी (10+02) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10 वी बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
2. डाटाएंट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजीमें 8000 की (key)डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए।
3. यदि मण्डी समिति में कोई सेवारत नियमित / दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सीधी भर्ती के लिये आवेदन करता है तो इसे इस शर्त पर प्रत्याशी मान्य किया जावेगा जब कि वह कम से कम पांच वर्ष तक मंडी समिति की सेवा में हो तथा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता पूरी करता हो तथा नियुक्ति के समय उसकी आयु निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत रही हो। मंडी समिति में कार्यरत कर्मचारियों को चयन प्रकिया में निर्धारित कुल अंकों का 5 प्रतिशत अंक बोनस के रुप में प्रदाय किया जाकर प्राथमिकता दी जावेगी।

02.आयु सीमा:–

1. दिनांक 01 अगस्त 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, एवं छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 5 वर्ष की छूट एवं अन्य विशेष वर्गो के लिये सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक न हो ।
2. महिला वर्ग के अभ्यार्थियों की अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जावेगी।

03. आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। तथा छ.ग. रोजगाार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।

04 कोई अभ्यार्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है जिसमें एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात होनियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

05 अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र को बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।

06 आवेदक के चयन के संबध में चयन समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

07. आवश्यक अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली जावेगी तथा लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु सूचना पत्र पृथक से मण्डी कार्यालय द्वारा प्रेषित किया जावेगा। तथा मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जावेगा।

08. लिखित / कौशल परीक्षा हेतु यात्रा व्यय इस कार्यालय द्वारा भुगतान नही किया जावेगा।

09. आवेदन पत्र के साथ एक सादा लिफाफा 5.00 रुपये का डाक टिकट चिपका हुआ स्वयं के पता सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10. निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कवर्धा के सूचना फलक में देखा जा सकता है।

टीप:– शासन द्वारा सीधी भर्ती के लिये समय–समय पर किसी भी वर्ग के लिये जो न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जावेगी वह मान्य होगी।

सही /
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

सही /
अध्यक्ष
कृषि उपज मंडी समिति
कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner